वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 139 शनिवार 16 सितम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# बिजली लाइनों को अंडरग्राउंड करने की मांग




## राजस्थान डिस्कॉम्स चेयरमैन बोलें- बढ़ी हुई मांग को देखते हुए बढ़ाएंगे बिजली उत्पादन

**जयपुर. कासं।** ऊर्जा विभाग की ओर से शुक्रवार को विद्युत भवन में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विद्युत निगमों की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राजस्थान डिस्कॉम के चेयरमैन भास्कर ए. सावंत ने की। राजस्थान मिशन-2030 के तहत प्रदेश में बिजली व्यवस्था को लेकर स्टेकहोल्डर्स से सुझाव मांगे गए। बैठक में बताया गया कि अब तक विद्युत निगमों की ओर से हितधारकों के साथ 47 परामर्श शिविरों का आयोजन किया गया। जिसमें 1526 हितधारकों ने भाग लिया। इसमें 883 सुझाव ऑफ लाइन माध्यम से और 3431 सुझाव ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त हुए। स्टेकहोल्डर्स से मिले महत्वपूर्ण सुझावों को एकत्र कर राज्य सरकार को भिजवाया जाएगा। राजस्थान डिस्कॉम के चेयरमैन भास्कर ए. सावंत ने कहा- ये सुझाव राज्य की 2030 तक की भावी आवश्यकताओं और प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होंगे। वहीं प्रदेश को बिजली के क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए बिजली की बढी हुई मांग के अनुरुप विद्युत उत्पादन को बढाना पड़ेगा। इसके लिए 2030 तक 90 गीगावाट सोलर और विंड एनर्जी क्षमता का विकास, सोलर रुफ टॉप 4 गीगावाट, विंड पावर क्षमता को बढाने के लिए रि-पावरिंग का कार्य किया जाएगा। पावर डिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर में सुधार के लिए साल 2030 तक बिजली की मांग दुगुनी होने की सम्भावना को देखते हुए स्मार्ट डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क के तहत कृषि के अतिरिक्त सभी उपभोक्ताओं के स्मार्ट मीटर लगाने, 132 केवी व 400 केवी के प्रसारण नेटवर्क को रिंग मैन यूनिट से जोड़ना, जिससे किसी भी जीएसएस में फाल्ट आने पर दूसरे सप्लाई चालू की जा सके और सिस्टम में आईटी का अधिक से अधिक उपयोग करना आदि कार्य करने पड़ेगे। प्रदेश के हित को ध्यान में रखते हुए सबको बिजली की बजत भी करनी होगी।

# जयपुर में संजय सर्किल पर बनेगा पार्क

## एक करोड़ की लागत बनने वाले पार्क में लगेगा क्लॉक टॉवर; विधायक ने किया शिलान्यास



**जयपुर. कासं।** जेडीए की ओर से चांदपोल गेट स्थित सर्किल पर राजीव गांधी उद्यान का निर्माण करवाया जाएगा। इस पार्क का शिलान्यास आज विधायक अमीन कागजी ने किया। करीब एक करोड़ की लागत से बनने वाले इस पार्क में ब्यूटिफिकेशन वर्क के अलावा नए पेड़-पौधे लगाए जाएंगे। शिलान्यास कार्यक्रम पर विधायक ने बताया कि इस पार्क का निर्माण जेडीए के जरिए करवाया जा रहा है, जिसमें वॉटर बॉडी, फव्वारे, वॉक-वे और पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की प्रतिमा भी लगाई जाएगी। इस कारण इस पार्क का नाम भी स्व. राजीव गांधी के नाम पर रखा गया है। पार्क में पूर्व स्वतंत्रता सेनानियों का छोटा वॉल म्यूजियम भी बनाया जाएगा, जिसमें स्वतंत्रता सेनानियों के चित्र होंगे और उनके नाम की एक शिला पट्टिका होगी। उन्होंने बताया कि इस पार्क में एक बड़ा तिरंगा झंडा और क्लॉक टॉवर भी बनाया जाएगा। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्थानीय पार्षद, जेडीए के आला अधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि इस पार्क में छोटे-मोटे कार्यक्रम के लिए ओपन इवेंट स्पेस भी तैयार किया जाएगा, जिसमें 50 से 100 लोगों के बैठने की व्यवस्था होगी।

# जयपुर में एयरफोर्स के 9 हॉक विमानों ने दिखाए करतब

## जलमहल के ऊपर हुआ एयर शो, बड़ी संख्या में लोग देखने पहुंचे

**जयपुर. कासं।** जयपुर में शुक्रवार को जलमहल पर वायुसेना के 9 हॉक विमानों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। इस दौरान सूर्य किरण के एयर शो को देखने के लिए आमेर रोड पर भीड़ लगी रही। करीब एक घंटे तक सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम ने एयर शो किया। इसमें तीन पायलट जयपुर के रहे। सभी विमानों ने जयपुर एयरपोर्ट से उड़ान भरी। दरअसल, आमेर रोड स्थित जलमहल पर वायुसेना स्टेशन में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया था। अब शनिवार और रविवार को भी एयर शो किया जाएगा। दरअसल, एयर शो युवा पीढ़ी 'भारतीय वायुसेना के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए आयोजित किया गया है। इसके लिए जयपुर शहर और आसपास के इलाकों से आमजन और स्टूडेंट्स को आमंत्रित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग एयर शो देखने पहुंचे।

## सूर्यकिरण टीम के बारे में जानें

साल 1996 में 'सूर्यकिरण' की स्थापना हुई थी। सूर्यकिरण वायुसेना की 52वें स्क्वाड्रन का हिस्सा है। ये टीम इंडियन एयरफोर्स की एयरोबैटिक्स प्रदर्शन टीम है। इस टीम में 13 पायलट होते हैं। इसमें से केवल 9 एक साथ उड़ान भरते हैं। केवल लड़ाकू विमान उड़ाने वाले पायलटों को इसके लिए चुना जाता है। इनके पास किरण एयरक्राफ्ट चलाने का 1,000 घंटे और लगभग 2,000 घंटे का लड़ाकू उड़ान अनुभव होता है। पायलटों के अलावा टीम में फ्लाइट कमांडर, एक प्रशासक और क्वालिफाइड फ्लाइंग इंस्ट्रक्टर होते हैं। यह टीम देश के कई हिस्सों में एयर शो के जरिए हवा में करतब दिखा चुकी है।



# कॉरपोरेट क्रिकेट में जयपुर राइडर विजेता बनी



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** कॉरपोरेट क्रिकेट टीम जयपुर राइडर्स इलेवन के कप्तान दीपक सोनी ने अपनी टीम के 2 साल पूरे होने की खुशी में जन्मदिन मनाया। ये इवेंट सिरसी रोड, जयपुर स्थित आरजे-14 स्पोर्ट्स एकेडमी में अयोजित किया गया। वर्षगांठ की खुशी में मुख्य अतिथि के रूप में वैशाली नगर ब्लॉक, वार्ड नंबर 55 के अध्यक्ष वरुण शर्मा का स्वागत किया गया। वरुण शर्मा ने टीम के कप्तान दीपक सोनी को बधाई देते हुए टीम के सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया ये मुकाबला जयपुर राइडर्स एलेवेन और पाइरेट्स एलेवेन स्टार के बीच खेला गया जिसमें पाइरेट्स एलेवेन स्टार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया और मात्र निर्धारित 13 ओवर में 53 रन पर ऑल आउट हो गयी ! आसान से लक्ष्य का पीछा करते हुए जयपुर राइडर ने इस मैच को 4 विकेट से जीत लिया। जयपुर राइडर की तरफ से धर्मेंद्र सिंह को मैन ऑफ द मैच के अवॉर्ड से नवाजा गया।

# सोलह दिवसीय सोलहकारण विधान सम्पन्न



**लाडनूं. शाबाश इंडिया**

स्थानीय दिगम्बर जैन बड़ा मंदिर में सुरेश कुमार- सुशीला, सान्तु-रिचा कासलीवाल परिवार के पुण्यार्जन में आयोजित सोलह दिवसीय सोलहकारण विधान सानन्द सम्पन्न हुआ। जैन समाज के मंत्री विकास पाण्ड्या ने बताया कि सोलह कारण पर्व के अवसर पर जैन समाज के लोगों ने भक्ति भाव के साथ प्रभु आराधना की। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर जैन समाज के राजेश कासलीवाल, अंकुश सेठी, प्रकाश पाण्ड्या, पूर्व मंत्री अनिल पहाड़िया, विजय सेठी, अंकुर चूड़ीवाल, नरेन्द्र कासलीवाल, निर्मल पाटनी, पं. राजेन्द्र जैन, राकेश जैन, राहुल जैन आदि ने प्रातः प्रतिदिन जलाभिषेक, शान्तिधरा एवं पूजा अर्जना की। दोपहर में सोलहकारण विधान का अयोजन किया गया। हमसें सुशीला देवी कासलीवाल, रतनी देवी बणजात्या, नीलम सेठी, रंजू पाण्ड्या, अंजना पाण्ड्या, कुसुम जैन, सुशीला सेठी, पुष्पा सेठी चंदा कासलीवाल सहित सैकड़ों लोगों अनुष्ठाने में सम्मलित होकर धर्म लाभ लिया।

# 17 सितंबर को सजेगी, महेन्द्र कपूर के गीतों की संगीत संध्या




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आगामी रविवार 17 सितंबर को शाम 6.30 बजे से जेएसजी गोल्ड और रविंद्र मंच जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में अविस्मरणीय और अनुपम, अमर गायक महेंद्र कपूर के गीतों की संगीत संध्या आयोजित की जा रही है। जेएसजी गोल्ड के अध्यक्ष सुरेंद्र पाटनी और संथापक अध्यक्ष राकेश गोधा ने बताया कि इसमें सुप्रसिद्ध गायक संजय रायजादा ( वाइस ऑफ महेंद्र कपूर ), मरूकोकिला सीमा मिश्रा, गायक डॉ. गौरव जैन, गायिका दीपशिखा जैन, महेन्द्र कपूर के मनमोहक , सदाबहार और देशभक्ति गीतों को प्रस्तुत करेंगे। कार्यक्रम के कनवीनर राजकुमार वैद और संस्था सचिव विनीत चांदवाड़ के अनुसार एआरएल इंफ्राटेक लिमिटेड और जिंदल स्टील के सहयोग से ऐसे अनुपम आयोजन कभी कभी ही हो पाते है ।संस्था की ओर से जयपुर के संगीत प्रेमियों को सोशल मीडिया के माध्यम से निवेदन किया जा रहा है की इसे जरूर देंखे और सुने। 17 सितम्बर को रविन्द्र मंच के मुख्य सभागार में जरूर पधारें।

**कार्यक्रम के कनवीनर राजकुमार वैद और संस्था सचिव विनीत चांदवाड़ के अनुसार एआरएल इंफ्राटेक लिमिटेड और जिंदल स्टील के सहयोग से ऐसे अनुपम आयोजन कभी-कभी ही हो पाते हैं...**

# मनुष्य जीवन का सार चारित्र है: गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी

**गुंसी. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ , गुन्सी के तत्वावधान में आज के चातुर्मास पुण्यार्जक परिवार लोकेश जैन कोटा वालों ने श्री 1008 शांतिनाथ महानुष्ठान विधान रचाया। गुरु माँ विज्ञाश्री माताजी के मुखारविंद से आज की शान्तिधारा करने का सौभाग्य वीरेंद्र जैन वल्लभवाड़ी कोटा, रूपचंद जैन साली वालों ने प्राप्त किया । शांतिप्रभु के चरणों में अष्ट द्रव्य के अर्घ्य समर्पित किये गये। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को संबोधन देते हुये माताजी ने कहा कि - जिंदगी एक प्रश्न मंच है इसमें जब तक प्रश्न खड़ा नहीं होगा तब तक इसकी शुरूआत नहीं होगी ।बिना प्रश्न के उत्तर नहीं मिलता। हमारी जिंदगी बिना लक्ष्य की चल रही और बिना लक्ष्य की जिंदगी दीमक लगे वृक्ष के सदृश होती है। थोड़े से झोके आने से वह वह धाराशायी हो जाती है ।जबकि कहा जाता है कि जिस प्रकार फूलों का सार इत्र होता है उसी प्रकार मनुष्य जीवन का सार चारित्र है ।सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ क्षेत्र पर गुरु भक्तों द्वारा आगामी 19 सितम्बर को आने वाले पर्वराज पर्युषण महापर्व पर श्री दशलक्षण महामण्डल विधान की तैयारियां चल रही है ।



## दिक्षार्थियो की भव्य बिनोली एवं गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन




**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

भीलवाड़ा। आचार्य 108 श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य 8 ब्रह्मचारी भैया इनके सानिध्य में भविष्य में मुनि दीक्षा होने वाली है।उनकी भीलवाड़ा शहर में दो दिवसीय 14 -15 सितंबर 2023 को भव्य बिनोली एवं गोद भराई कार्यक्रम हुआ। एवं श्रुत संवेगी मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज ससंघ का आशीर्वाद प्राप्त किया। 14 सितंबर को आरसी व्यास कॉलोनी के मुख्य चौराहे से बैंड बाजो के साथ दीक्षार्थी भैयायों की भव्य बिनोली निकली।महिला- पुरुष, युवा बड़े उत्साह उमंग के साथ नाचते-गाते ,जयकारा करते रास्तेभर जुलूस में चल रहे थे। बिनोली तरणताल मंडप पर पहुंची।जहां दीक्षार्थियों की सभी कॉलोनीयों से आऐ समाजजन द्वारा गोद भराई की गई।इसी क्रम में 15 सितंबर 2023 को प्रातः न्यू हाउसिंग बोर्ड शास्त्री नगर में सुपार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर समता भवन में दीक्षार्थी भैयायों की गोद भराई एवं सम्मान किया गया। भक्ति भजनों की प्रस्तुति दी गई। इस उपरांत बैंड- बाजो के साथ जुलूस निकला। जिसमें दीक्षार्थी भैया बगियो एवं घोड़ी पर सुशोभित हो रहे थे। रास्ते भर श्रावक- श्राविकाएं, युवा नाचते- गाते जयकारों के साथ चल रहे थे।यह जुलूस श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर



मेंनसेक्टर शास्त्री नगर पहुंचा। जहां समाजजनों ने बारी-बारी से दीक्षार्थियों की गोद भराई की। इस दृश्य को देखकर सभी बड़े आनंदित हो रहे थे। गायिका ने शानदार भजनों की प्रस्तुति देकर सारे वातावरण को धर्म में बना दिया। बड़ी संख्या में समाजजन इस कार्यक्रम की साक्षी बने। दीक्षार्थी बाल ब्रह्मचारी राजेश भैया ललितपुर, बाल ब्रह्मचारी सिद्धम भैया भिंड, बाल ब्रह्मचारी अंकुर भैया छतरपुर, बाल ब्रह्मचारी हार्दिक भैया इंदौर, बाल ब्रह्मचारी हिमांशु भैया भिंड, बाल ब्रह्मचारी विपुल भैया (बिनी) छतरपुर, बाल ब्रह्मचारी विपुल भैया भिंड, बाल ब्रह्मचारी तन्मय भैया जबलपुर, जो भविष्य में शीघ्र ही आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के सानिध्य में मुनि दीक्षा लेंगे।

## सोलहकारण पूजन विधान सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर त्रिवेणी नगर में सोलहकारण विधान जो कि भाद्रपद कृष्णा एकम से प्रारम्भ, सोलह दिन तक नित्य नियम पूजा-अर्चना, अभिषेक व सोलहकारण विधान मनोभाव से कर सुख-समृद्धि की कामना के लिए किया



गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष महेन्द्र काला ने बताया कि शुक्रवार अन्तिम दिन सोलहकारण विधान में अशोक पापड़ीवाल, महावीर कासलीवाल, कमल चांदवाड़, महेंद्र कुमार जैन व अशोक पाटोदी द्वारा सम्पूर्ण अर्घ चढाया गया ।विधान में महिला मंडल की अध्यक्षा श्रीमती संतोष सौगाणी व मंत्री शिमला पापड़ीवाल, प्रेम लता काला, मैना पाटनी, मृदुला काला, स्हनेलता गोधा, संगीता छाबड़ा, बेला पाटनी, मनोरमा चांदवाड़, संतोष पाटोदी, गुणमाला ठोलिया, सुमन जैन, मीनू छाबड़ा सहित समाज बंधु भी उपस्थित थे ।मंदिर समिति के मंत्री रजनीश अजमेरा ने बताया कि मंदिर जी में दशलक्षण महापर्व 19 सितम्बर से 28 सितम्बर तक भक्तिभाव से मनाया जायेगा ।

**संकलन : नरेश कासलीवाल**

## वेद ज्ञान

# नजरिया बदलें

किसी अप्रिय घटना के बाद हम देर तक परेशान रहते हैं और बदला लेने की तैयारी में जुट जाते हैं। इस दौरान अधिकांश नकारात्मक विचार आते हैं। एक बेस्ट सेलर किताब के लेखक बेन डायर का कहना है कि जीवन में ज्यादातर दरारें स्थिति को आत्मसात न करने के कारण पड़ती हैं। लोगों को पानी की तरह पारदर्शी और प्रत्येक स्थिति में ढल जाने की प्रवृत्ति रखनी चाहिए। रुका हुआ पानी गंदा हो जाता है, उसी तरह किसी कड़वे अनुभव का प्रभाव देर तक मन में रहकर वर्तमान को दुखद बना देता है। जरूरी है कहीं पर माफ कर दें और कहीं पर माफी मांग लें। यह तो सत्य है कि दुख देने वाले को माफ करना मुश्किल है, प्रतिशोध की भावना रह-रह कर उमड़ती है, पर जीवन के सकारात्मक पहलुओं से अच्छे परिवर्तन पर ध्यान देना चाहिए। सबके साथ मिलकर चलना नई संभावनाओं को जन्म देता है जो आत्मकेंद्रित न होकर वसुधैव कुटुंबकम की तरफ ले जाता है और सच तो यह भी है कि प्यार के बदले प्यार मिलता है। ब्रिटिश लेखक लाउज ने भी कहा है कि किसी अप्रिय घटना का प्रत्युत्तर दयालुता से देने का खतरा हम उठा लें तो कड़वाहट तत्क्षण खत्म हो जाती है। हानि पहुंचाने वाले सभी विचारों से खुद को दूर कर देखें तो हम शत्रु भाव से भी मुक्त हो जाएंगे। यदि लगता है कि चीजें सिर्फ हमें दुखी करने के लिए की जा रही हैं तो भी उसे व्यक्तिगत न मान कर छोड़ देना चाहिए। व्यक्ति और स्थितियां बदलती रहती हैं। नकारात्मक लोगों को अपने अनुकूल बनाना मुश्किल है, पर उन तक पहुंचना आसान है जो हमारे अनुकूल हैं। अगर कभी लगे कि दुनिया में सब लोग बुरे और प्रतिकूल विचारों वाले ही मिल रहे हैं तो एक बार अपने अंदर भी झांक कर देख लेना चाहिए। हो सकता है अपना ही व्यवहार ऐसा हो जो सबको दुखी कर रहा हो। सबके साथ सम्मान से पेश आना चाहिए। हमें स्वयं पर दूसरों के प्रभाव को देखने का तरीका बदलना होगा, तब कई अच्छे पक्ष सामने आएंगे। दूसरों की सोच बदलने की कोशिश से अच्छा है, अपनी ही सोच को परिष्कृत किया जाए। लोगों को समझने का दायरा बढ़ाना होगा। इससे कोई मतभेद हुए बगैर विभिन्न स्वभाव वाले लोगों के साथ सामंजस्य स्थापित करने में सुविधा होगी।

## संपादकीय

# महंगाई के मोर्चे पर थोड़ी राहत का समय

पर्व-त्योहार के मौसम की शुरूआत के मद्देनजर महंगाई के मोर्चे पर राहत की खबर है। जुलाई की तुलना में अगस्त के दौरान खाद्य वस्तुओं, सब्जियों की कीमतों में कुछ गिरावट आई है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के मंगलवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक अगस्त में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 6.83 फीसद पर आ गई, जो इससे पहले जुलाई में पंद्रह महीने के उच्चतम स्तर 7.44 फीसद पर थी। हालांकि यह भी बहुत खुश होने जैसी स्थिति नहीं है, क्योंकि यह अभी भी भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित दो फीसद घट-बढ़ के साथ छह फीसद के दायरे से ऊपर है। खाने-पीने की चीजों की महंगाई दर भी कम हुई है, जो जुलाई के 11.51 फीसद से घट कर अगस्त में 9.94 फीसद पर आ गई है। अगस्त में सब्जियों की महंगाई दर नरम पड़ कर 26.14 फीसद रही जो जुलाई में 37.4 फीसद थी। तेल और वसा उत्पादों, मांस, मछली, अंडा और चीनी आदि की कीमतें भी घटी हैं। जाहिर है, स्थिति



पहले के मुकाबले सुधरी है। हालांकि यह अभी भी बहुत अच्छी नहीं है। दरअसल, खाद्य वस्तुओं एवं सब्जियों की कीमतों को लेकर स्थानीय बाजारों का जायजा लें तो सरकारी आंकड़े से इतर तस्वीर दिखती रही है। फल और सब्जी विक्रेता के समक्ष आम आदमी कसमसाता, जेब टटोलता ही नजर आता है। उसकी जेब अभी भी खुलकर खरीदारी की इजाजत नहीं दे रही है। कुछ समय पहले ढाई सौ रुपए प्रति किलो तक बिके टमाटर की कीमतों में जरूर काफी राहत देखी गई, लेकिन कई आम उपयोग में आने वाली हरी सब्जियां बाजार में साधारण लोगों की क्रय शक्ति की सीमा से बाहर ही रहीं। अब खुदरा बाजार के ताजा आंकड़े थोड़ी राहत का संकेत दे रहे हैं। इसे आम उपभोक्ताओं के लिहाज से अच्छा माना जा सकता है, लेकिन अभी इसमें काफी सुधार की जरूरत है। कुछ हरी सब्जियों की कीमतें अब भी ऊंची हैं। हर घर में इस्तेमाल में आने वाला अदरक और लहसुन कीमतों के लिहाज से इस समय महंगा ही कहा जा सकता है। दूसरी ओर, आटा, चावल, गर्म मसाले और दालों की कीमतें चुपचाप बढ़ती जा रही हैं, लेकिन खाद्य तेल में कुछ नरमी जरूर आई है। हालांकि सरकार अपने स्तर पर कीमतों को काबू करने के प्रयास कर रही है। उसने गेहूं, चावल का भंडार खुले बाजार में जारी करने, चीनी के निर्यात पर रोक लगाने और दलहन-तिलहन के आयात की अनुमति देने जैसे अनेक कदम इस दिशा में उठाए हैं। खुदरा महंगाई दर पर इसका असर भी देखने को मिला है। अच्छी बात है कि आम लोगों को थोड़ी राहत मिलने लगी है। बाजार विशेषज्ञ भी आश्वस्त हैं कि आने वाले महीनों में महंगाई में और गिरावट देखने को मिलेगी। मगर ध्यान रखने की जरूरत है कि त्योहारों के मौके पर अगले दो महीने में लोगों को सब्जी, आटा-दाल के अलावा कई अन्य चीजों पर भी पैसा खर्च करना होगा। इस लिहाज से महंगाई की आग पर अगर कुछ पानी पड़ता है तो यह निश्चित रूप से गरीब तबके के लिए राहत देने वाला होगा। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# मणिपुर हिंसा

मणिपुर में करीब चार महीने पहले जिस हिंसा की शुरूआत हुई थी, वह अब भी जारी है तो इसे किसकी नाकामी के तौर पर देखा जाएगा? सरकार की जिम्मेदारी हालात पर जल्द से जल्द काबू पाने की होनी चाहिए थी, लेकिन फिलहाल वहां दशा यह है कि हिंसा की तस्वीर लगातार बिगड़ती जा रही है। संबंधित महकमे और सुरक्षा बलों की मौजूदगी अराजकता फैलाने वाले समूहों को किस हद तक रोक पा रही है, इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हिंसक घटनाएं अब नई और जटिल शक्ल अख्तियार करने लगी हैं। यों मई में हिंसा की शुरूआत के बाद आदिवासियों ने इंफल घाटी में आने से परहेज करना शुरू कर दिया था, लेकिन किसी वजह से मंगलवार की सुबह तीन लोग इंफल पश्चिम और कांगपोपकी के सीमावर्ती इलाकों में स्थित इरेंग और करम के पास पहाड़ी सड़क का इस्तेमाल करते हुए लेमकांग की ओर बढ़ रहे थे, तभी हथियारबंद आतंकवादियों ने गोली मार कर उनकी हत्या कर दी। मारे गए तीनों लोग कुकी-जोमी समुदाय के थे। गौरतलब है कि आठ सितंबर को भी एक हमले में तीन कुकी लोगों की हत्या कर दी गई थी। यानी एक बार फिर हिंसा की फैलती आग में कुकी-जोमी समुदाय के लोगों के खिलाफ हिंसा का नया दौर शुरू हो गया है। मणिपुर में सेना के उतरने के बाद हालात थोड़े नियंत्रण में देखे गए थे। लेकिन ऐसा लगता है कि थोड़ी शांति शायद तभी दिखती है, जब सेना सक्रिय होती है। ताजा हिंसा के वक्त भी जब गोलियों की आवाज सुन कर सुरक्षा बल और सेना के जवान आसपास के इलाकों से घटनास्थल तक पहुंचे, तब तक आतंकवादी फरार हो चुके थे। हालांकि वहां सुरक्षा बलों और पुलिस महकमे की ओर से आम नागरिकों को बचाने का प्रयास किए जाने की खबरें आती रही हैं, लेकिन हकीकत यह है कि अब भी वहां स्थिति बेहद संवेदनशील है और हिंसा के नए आयाम दिख रहे हैं। मई की शुरूआत में मैतेई समुदाय को जनजाति का दर्जा देने के सवाल पर शुरू हुई हिंसा अब तक राज्य में प्रभावी हैसियत में माने जाने वाले मैतेई और उनके बरक्स कुकी जनजाति के बीच ही रही है। लेकिन मंगलवार को तीन लोगों की हत्या से संबंधित खबर में चिंता की बात यह है कि इसमें उस इलाके में सक्रिय आतंकवादी समूह भी कुकी समुदाय पर हमला कर रहे हैं। यों सुरक्षा एजंसियां पहले भी चेतावनी दे चुकी हैं कि यूएनएलएफ, पीएलए, केवाईकेएल और पीआईपीए जैसे प्रतिबंधित समूहों से जुड़े आतंकवादी भी हिंसा और हमला करने वाली भीड़ का हिस्सा बन रहे हैं। सवाल है कि इतने लंबे वक्त से जारी हिंसा को जहां कोई भी रास्ता अख्तियार करके रोकना चाहिए था, संवाद के जरिए समाधान का तरीका तलाशना चाहिए था, वहां शांति स्थापित करने के तमाम दावों और कवायदों के बावजूद हालात बिगड़ते क्यों जा रहे हैं? दो पक्षों के बीच तनाव में जिस तरह आतंकवादी समूहों को भी सक्रिय होते देखा जा रहा है, उससे सरकार की कमजोरी का ही पता चलता है। ऐसे में जो समुदाय कमजोर है, उस पर हमले तेज हो रहे हैं। यह सब तब भी जारी है, जब राज्य में शांति स्थापित करने के लिए सुप्रीम कोर्ट तक की ओर से दखल दिया गया, शांति और निगरानी समिति बनाई गई।

## इंजिनयर्स डे 2023

# ''हर असंभव, संभव कर देंगे''

घर, सड़कें व ऊँचे बांध, उद्योग, रेलवे वायुयान.
सभी बनाते मिलकर आन,
इंजिनियर इनकी पहिचान.
उबड़, खाबड़ भूमिपर ये,
सुन्दर नगर बनाते,
बिजली,पानी,कार व ए. सी.
की सुविधा दिलवाते.
पैदल चलने वाले भी अब,
अंतरिक्ष में जाते,
इनके श्रेष्ठ प्रयासों से,
जीवन के हर सुख पाते.
दूर संचार, टी. वी. मोबाइल,
इनके प्रयास से पाया,
देखोअपनों को,बातभी करलो,
यह संभव कर पाया.
करते सतत परिश्रम पल पल,
सह गर्मी, सर्दी, तम को,
कष्ट, असुविधा सह देते हैं,
वांछित सुख जन जन को.
भारत रत्न श्री विश्वेशरैया,
जन्मदिवस हम मनाते,
स्वर्णाक्षर में श्रेष्ठ सृजन से,
नाम लिखा, गुण गाते.
स्वागत, अभिनन्दन, आभार,
सभी अभियंता जन का,
जिनके श्रम से पाया हमने,
हर सुख इस जीवन का.
श्रम, निष्ठा, कर्तव्य, समर्पण
संग नित बढ़ते जाएं,
प्राणी मात्र के जीवन को,
हम सुन्दर,सफल बनायें.
यही कामना और प्रार्थना,
प्रभु से बारम्बार,
हर असंभव, संभव कर देंगे,
हर मन में ला प्यार.




इंजिनियर अरुण कुमार जैन
अध्यक्ष जैन इंजिनियरस सोसाइटी, फरीदाबाद.
#7999469175

# परम पूज्य आचार्य श्री नवीन नंदी जी महाराज ने किया केशलोंच

जयपुर. शाबाश इंडिया। स्थानीय बरकत नगर की गौरवशाली निरंतरता के क्रम में चौदवा चातुर्मास सम्पन्न कर रहे आचार्य श्री नवीन नंदी जी महाराज का केसलोंच किए। आज णमोकार भवन में धर्मोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर कैसलोच के पश्चात पुण्यार्जक परिवार के श्रीमती चेतना - चक्रेश कुमार जैन सहित प्रबन्ध समिति व अरिहन्त महिला मण्डल के उपस्थित पदाधिकारियों तथा विराजमान धर्मप्रेमी समस्त महिला पुरुषों ने आचार्य श्री के पाद प्रक्षालन किए। पूज्य श्री ने अपने उद्बोधन में केसलोच का महत्व बताते हुए धर्म की महिमा बताई तथा सभी उपस्थित समाज को मंगल आशीर्वाद प्रदान किया। वर्षायोग धार्मिक एवं सांस्कृतिक संयोजक सतीश जैन अकेला ने सभी का आभार व्यक्त किया।







परम पूज्य आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य
परम पूज्य निर्यापक मुनिश्री 108 सुधासागरजी महाराज
निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री 108
सुधासागरजी महाराज
41 वाँ
दीक्षा दिवस
आगरा-रविवार, दिनांक 1 अक्टूबर, 2023
दोपहर 12.15 बजे से
आओ करें गुरु वन्दना
: आयोजक :
श्री दिगम्बर जैन धर्मप्रभावना समिति, आगरा
निवेदक : सकल दिगम्बर जैन समाज, आगरा


संतशिरोमणी आचार्य श्री 108
विद्यासागर जी महाराज
मुनिपुंगव श्री 108
सुधासागर जी महाराज ससंघ
श्रावक संस्कार शिविरों के जनक परम पूज्य तीर्थचक्रवर्ती जगतपूज्य
नियापिक श्रमण मुनिपुंगवश्री 108 सुधासागर जी महाराज
क्षुल्लक गौरव श्री 105 गंभीर सागर जी महाराज
के मंगल सानिध्य में आगरा की पुण्य धरा पर
30 वां
श्रावक
शिविर संस्कार
आगरा-दिनांक 19 से 29 सितम्बर 2023 तक
- शिविर आयोजक स्थल-
श्री महावीर दिगम्बर जैन इण्टर कॉलेज परिसर, हरीपर्वत, आगरा (उ.प्र.)
शिविर पुण्यार्जक
श्रावक श्रेष्ठी श्री निर्मल-उर्मिला, वीरेंद्र-उषा रेखा
रजत-आयुषी, रौनक-अदिति,
विभोर विन्नी हर्षिल द्रव्या जियांशी मोठ्या परिवार
श्रावक श्रेष्ठी श्री हीरालाल-बीना,
दिवाय-कोमल, उत्कर्ष दिविषा काव्या
अर्हम बैनाडा परिवार
श्रावक श्रेष्ठी श्री राजेश-रजनी,
निखिल-पूजा, शोभित-आरती,
कनिष्का हनीशा, आध्या सेठी परिवार
निर्देशक
हुकम जैन 'काका'
94141-84618
निर्देशक
दिनेश गंगवाल
93145-07802
सुधा अमृत वर्षायोग-2023, आगरा
जगत पूज्य निर्यापक श्रमण मुनिपुंगवश्री 108 सुधासागर जी महाराज का
41वां मुनि दीक्षा दिवस समारोह अश्विन वदी तृतीया
दिनांक 01 अक्टूबर 2023 को दोपहर 12:15 से मनाया जायेगा।
शिविर आयोजक:- श्री दिगम्बर जैन धर्म प्रभावना समिति, आगरा (उ.प्र.)




# संगिनी मैन उदयपुर ने किया पुस्तकालय में पुस्तकों का अनुदान




**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 15 सितम्बर 2023 को संगिनी मैन उदयपुर द्वारा राजस्थान महिला गेलडा. उच्च माध्यमिक विद्यालय की लाइब्रेरी में छात्राओं के उपयोग हेतु विभिन्न विषयों की पुस्तकें एवं विद्यालय में आयोजित होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्राओं को पुरस्कृत करने हेतु संगिनी मैन की सदस्या श्रीमती ऊषा डागलिया के सौजन्य से विद्यालय के प्राचार्य विकास सिंघवी को भेंट किये। ग्रुप अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन ने बताया कि श्रीमति उषा द्वारा सेवा कार्य के तहत कुल 5000/-रुपए की पुस्तकें व रजिस्टर भेंट किये गए जो कि छात्राओं के अध्ययन में मददगार होंगे। इस कार्यक्रम में उषा डागलिया के साथ ग्रुप अध्यक्ष डॉ प्रमिला जैन, विद्यालय के प्राचार्य विकास सिंघवी, विद्यालय के शिक्षकगण दीप्ति व्यास, रेणु मेहता, हेमलता सोनी, प्रिया भटनागर, रेणु दर्श, कंचन शर्मा आदि उपस्थित थे।




## पेट्रोलियम डीलर्स की हड़ताल समाप्त

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बताया कि पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों से वार्ता के बाद एसोसिएशन ने राज्य में पेट्रोल पंप डीलर्स की हड़ताल समाप्ती की घोषणा की है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री खाचरियावास ने शुक्रवार को शासन सचिवालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए बताया कि राज्य में पेट्रोलियम पर वैट के आंकलन के लिए एक उच्च स्तरीय एंपावर्ड कमेटी गठित की जाएगी। प्रताप सिंह खाचरियावास ने बताया कि पेट्रोल पंप संचालकों के मध्य बनी सहमति के अनुसार उच्च स्तरीय एंपावर्ड कमेटी अपनी विस्तृत रिपोर्ट 10 दिवस में प्रस्तुत करेगी। इस दौरान पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

निर्यापक मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने कहा...

# क्षमा भाव के लिए किसी कर्म की जरूरत नहीं वो तो हमें खुद करना है, वो तो हमारी आत्मा की पर्याय है



**आगरा. शाबाश इंडिया**

निर्यापक मुनिपुंगव श्री सुधासागर जी महाराज ने श्री महावीर दिगंबर जैन इंटर कॉलेज के अमृत सुधा सभागार में धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा अपनी वाणी से जब जब स्वयं को गुणहीन, ज्ञानहीन की अनुभूति हो तो आराध्य मंत्र को पढ़ना,आराध्यगुरु का ध्यान करना अध्यात्म सबसे अच्छी दवा है हार्ट अटैक से बचने की,जिनको घबड़ाहट होती है,जिनका ब्रेन हेमरेज होता है, जिनका ब्लेड प्रेशर हाई होता है।यदि वो सही मन लगा करके अध्यात्म पढ़ ले तो घबड़ाहट नही हो सकती क्योंकि अध्यात्म हमे वो बिल पॉवर देता है, किससे घबड़ा रहा हूँ,कौन क्या मेरा बिगाड़ लेगा,मैं अविनाशी, शास्वत हूँ। ऐसी अनुभूति कभी आप करना अध्यात्म की बातों में पुण्य और पाप, शुभ-अशुभ कर्म में बहुत कुछ साहस आता है।इतना कष्ट होता है कि रोने का मन कर जाता है लेकिन आध्यात्म आते ही उन्ही कष्टों में चेहरे पर मुस्कान आ जाती है। कष्ट नही गया, कष्ट तो वो ही रहता है। वह जो



हमारे हाथ मे है वह बनो,वह करो।क्रोध हमारे हाथ में नही है क्षमा हमारे हाथ मे है।क्रोध करने के लिए हमे कर्म का उदय चाहिए।क्रोध करने के लिए सामने हमे नौकर्म चाहिए।लेकिन क्षमा भाव के लिए किसी कर्म की जरूरत नही वो तो हमे खुद करना है, वो तो हमारी आत्मा की पर्याय है, उसमे कर्म भी बीच मे नही आता।पाप करना है तो कर्म का उदय चाहिए बिना औदयिक भाव के पाप,बिना कर्म के होगा ही नही, तुम लाख उपाय करो।ये साधु मुझे पसंद है, ये साधु मुझे हितकारी दिख रहा है, ये साधु से मेरा कल्याण है, ये साधु की कृपा मेरे लिए बहुत शगुन दे रही है, ये साधु मुझे दुर्घटना,पाप,अशुभ से बचा लेगा, मुझे सच्चा मार्ग दिखा देगा, ऐसी प्रतीति जिस साधु के प्रति हो जाये बस उसी को गुरु मान लेना, इसका नाम गुरु है।गुरु तो भक्त के आधीन हो गया इसलिए समन्तभद्र महाराज कहते है तुम्हे गुरु नही बनना क्योंकि गुरु भक्त के आधीन है इसलिए तुम्हे साधु बनना है, कोई माने न माने तुम साधु थे, हो और रहोगे।साधुता किसी से खंडित नही होती। कितने साधु है जंगलों में दीक्षा ली तो साधु बनकर कल्याण कर गए। अपनी दृष्टि में तुम सच्चे साधु हो, तुम पूछो जिनवाणी माँ से क्या मैं सच्चे साधु हूँ।तुम पूछो दुनिया से तो हर व्यक्ति कहेगा तुम साधु तो हो लेकिन मेरे गुरु नही।साधु तो तीन कम नौ करोड़ होते है लेकिन गुरु एक होता है। गुरु वही है जिससे हमारा उपकार हुआ हो हमारी आँखे खुली हो।गुरु इष्ट होता है,साधु आराध्य होता है।इष्ट गुरु वो कहते है जिससे हमारा सिद्धि होती है, हम काम निपटता हो, हमारी समस्या का समाधान होता हो। हमे ज्ञान नही था गुरु ने दिया। गुरु मानना पड़ेगा हमे किसी न किसी को क्योंकि हमारे अंदर बहुत कमियाँ है ,असमर्थ है हम, कौन दिखायेगा रास्ता।

## डाक विभाग उदयपुर मण्डल ने जारी किया 'हर्बल गुलाल, एलोवेरा जेल व आँवला केंडी' पर स्पेशल कवर



**उदयपुर. शाबाश इंडिया।** डाक विभाग के उदयपुर मण्डल द्वारा राजपेक्स 2023 के अंतर्गत राजस्थान डाक परिमंडल के दक्षिणी क्षेत्र अजमेर में विगत दिनों तीन विशेष आवरणों का विमोचन पोस्ट मास्टर जनरल, अजमेर सचिन किशोर द्वारा किया गया। बता दें, ये तीनों विशेष आवरण उदयपुर जिले से सम्बंधित तीन जनजातीय उत्पादों यथा हर्बल गुलाल, एलोवेरा जेल तथा आंवला कैंडी पर जारी किए गए।इस कार्यक्रम में प्रवर अधीक्षक डाकघर, उदयपुर पूजा वर्मा, सहायक निदेशक कैलाश चौधरी व कमलेश प्रजापत, निरीक्षक डाक संतोष लवानिया, जन संपर्क निरीक्षक, उदयपुर प्रधान डाकघर राजेश शर्मा सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर पोस्टमास्टर जनरल सचिन किशोर ने बताया कि प्रधान मंत्री वन धन योजना के तहत भारत सरकार के जनजातीय मंत्रालय द्वारा आदिवासी समुदायों की आजीविका में सुधार करने के प्रयोजन से उन्हें वन-आधारित उत्पादों के निर्माण के लिए वन धन विकास केन्द्रों के माध्यम से प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। साथ ही इन उत्पादों को बढ़ावा देने तथा आदिवासी समुदायों के स्वावलंबन को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से ही डाक विभाग द्वारा उदयपुर जिले के मगवास, पलोदडा और परसाद स्थित वन धन विकास केन्द्रों में प्रशिक्षित भील, गरासिया और मीना आदिवासी समुदाय की महिलाओं के द्वारा बनाये जा रहे उत्कृष्ट गुणवत्ता के हर्बल गुलाल, एलोवेरा जेल तथा आंवला कैंडी पर विशेष आवरण व उनके विरूपण जारी किए गए। इस क्रम में पोस्टमास्टर जनरल ने विद्यार्थियों और युवाओं को फिलेटली में रुचि बढ़ाने का आह्वान किया।गौरतलब है कि आगामी 25 से 27 सितंबर तक फिलेटेलिस्टों से जवाहर कला केंद्र, जयपुर में आयोजित होने वाली 5वीं राज्यस्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी राजपैक्स 2023 में भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध भी किया गया।

रिपोर्ट/ फोटो : राकेश शर्मा 'राजदीप'

## रोटरी क्लब जयपुर के द्वारा विभिन्न इंटरेक्ट क्लब स्कूलों के मध्य नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** रोटरी क्लब जयपुर के द्वारा इंटरेक्ट क्लबो के मध्य सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा दुर्गा प्रसाद शर्मा आई ए एस हिंदी नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता का आयोजन 15 सितंबर को रोटरी भवन में आयोजित किया गया। अध्यक्ष रोटे उजास चंद जैन ने क्लब में पधारे सभी रोटेरियनस एवं इंटरेक्टर्स का स्वागत किया।निर्णायक मंडल में डॉ श्रुति अखिल जैन, श्रीमती रेणु अग्रवाल एवं श्रीमती अपर्णा वैश्य को स्वागत करते हुए रोटरी दुपट्टा पहनाया।इंटरेक्ट चेयरमैन रोटे श्रीकिशन शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को नियमो से अवगत कराया।मंच संचालन डायरेक्टर रोटे शिल्पा बेंद्रे के द्वारा किया गया।प्रोग्राम में जीतने वाले प्रथम रावत सीनियर सेकेंडरी स्कूल विवेक विहार के छात्र एवं छात्रों को चल वैजयंती, द्वितीय स्थान पर टैगोर विद्या भवन शास्त्री नगर एवं तृतीय स्थान पर टैगोर विद्या भवन मानसरोवर को रोटरी मोमेंटो उपाध्यक्ष रोटे महेंद्र शर्मा एवं उनके परिवार के द्वारा भेंट की गई।

# डॉ. नरेन्द्र पारख को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक क्षेत्र में विलक्षण उपलब्धियों के लिए डॉक्टरेट की उपाधि दी






**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख को सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक क्षेत्र में विलक्षण उपलब्धियों के लिए अमेरिकन विश्वविद्यालय द्वारा डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित करने पर श्री वर्द्धमान पी. जी. कन्या महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर.सी. लोढ़ा, महाविद्यालय अकादमिक प्रभारी डॉ. नीलम लोढ़ा, बी. एल. गोठी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी विद्यालय के प्राचार्य अनिल शर्मा, वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइनिंग एंड मेकअप आर्टिस्ट, वर्द्धमान इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाध्यापिका श्रीमती श्वेता नाहर एवं श्री नृसिंह अग्रसेन जैन विद्यापीठ के प्रधानाध्यापक धर्मेन्द्र शर्मा, श्रीमती ज्योति माहेश्वरी सहित समस्त शैक्षणिक सदस्यों ने डॉ.पारख को हार्दिक बधाई देते हुए पुष्प गुच्छ भेंट कर अभिनन्दन किया। विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों एवम संस्थाओ के प्रमुख डॉ. नरेन्द्र पारख को अमेरिका की विश्व प्रसिद्ध सेन्ट्रल क्रिश्चियन यूनिवर्सिटी ऑफ अमेरिका द्वारा डाक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित करने के अवसर पर श्री बृजमोहन लाल शर्मा राजकीय कन्या महाविद्यालय, ब्यावर की प्राचार्या डॉ. अनिता खुराना, डॉ. दीपाली लाल सहित अन्य सदस्यों द्वारा भी डॉ. पारख का अभिनन्दन किया गया। इस अवसर पर पेंशनर समाज के सचिव श्री हेमन्त दीक्षित, राज. प्राथमिक विद्यालय कृष्णा कॉलोनी के प्राचार्य श्री मोहन सिंह, श्री वर्द्धमान शिक्षण समिति के उपाध्यक्ष श्री प्रकाश चंद गदिया, प्रबंधक श्री कन्हैया लाल पंजाबी, आदि अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

## दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र चूलगिरी ट्रस्ट बावनगजा के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न



**इंदौर. शाबाश इंडिया।** बड़वानी से 9 किलोमीटर दूर बावनगजा के नाम से प्रसिद्ध जैन तीर्थ के 16 ट्रस्टियों के चुनाव चुनाव बावनगजा में संपन्न हुए। निर्वाचित ट्रस्टियों एवं पदाधिकारी का शपथ ग्रहण समारोह में बावनगजा तीर्थ के प्रांगण में संपन्न हुआ। ट्रस्ट के नवनिर्वाचित अध्यक्ष इंदौर एवं बीकानेर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं कॉटन उद्योगपति विनोद दोषी, कार्य अध्यक्ष शेखर पाटनी,महामंत्री नरेश मामा एवं कोषाध्यक्ष अजीत पाटनी के साथ सभी ट्रस्टियों को शपथ विधि अधिकारी हंसमुख गांधी इंदौर ने रोचक तरीके से पद के साथ क्षेत्र के प्रति समर्पण,विकास,विश्वास और श्रद्धा की शपथ दिलाई। मंगलाचरण स्नेहा पहाड़िया ने किया, भगवान आदिनाथ के चित्र का अनावरण सुनील जैन सनावद,व सौरभ पाटौदी इंदौर ने किया एवं एवं चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन शपथ अधिकारी हंसमुख गांधी, ट्रस्टी श्री जैनेश झांझरी एवं राजा धामनोद ने किया। इस अवसर पर निमाड़ एवं इंदौर से कई समाज श्रेष्टि उपस्थित थे। विनोद दोषी के अध्यक्ष निर्वाचित होने पर राजेंद्र महावीर, अशोक दोषी, आजाद जैन बीड़ी वाले, प्रकाश पहाड़िया, जिनेंद्र कासलीवाल अखबार वाले, इंदौर एवं सोनल गंगवाल और डॉक्टर जैनेंद्र जैन एवं राजेश जैन दद्दू ने दोषी को बधाई दी। स्मरणीय है कि बावनगजा के नाम से प्रसिद्ध जैन तीर्थ सिद्ध क्षेत्र है एवं वहां विश्व की सबसे बड़ी भगवान आदिनाथ की हजार वर्ष प्राचीन 84 फीट ऊंची प्रतिमा चूलगिरी पहाड़ी पर विराजमान है। तीर्थ की व्यवस्था दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र चूलगिरी ट्रस्ट बावनगजा द्वारा की जाती है।

## दादीजी का 108 आसनों पर भव्य मंगलपाठ व महाआरती सम्पन्न



**अनिल पाटनी. शाबाश इंडिया**

अजमेर। श्री दादी परिवार महिला मण्डल अजमेर द्वारा परम पूजनीय अग्रकुल शिरोमणि श्रीश्री 1008 श्री झुंझुनू वाली दादीजी की असीम अनुकम्पा से भादवा बदी अमावस पर शुक्रवार, दिनांक 15 सितम्बर को दोपहर 1.15 बजे जनकपुरी गंज में दादीजी के मंगलपाठ का आयोजन किया गया। लेखा गर्ग ने बताया कि सर्वप्रथम सुप्रसिद्ध मंगलपाठ गायक सुभाष भट्ट द्वारा जनकपुरी में भव्य मंगलपाठ किया गया। जिसमें अजमेर शहर के दादी भक्त बड़ी संख्या में पधारें। इस मंगलपाठ का विशेष आकर्षण सवामन लाख के चूड़े दादीजी को अर्पण किये गये एवं 108 आसनों पर महिलाओं द्वारा सामूहिक मंगल पाठ किया गया। पाठ के दौरान मधुर भजनों का आयोजन किया गया जिसमें दादी के भजनों पर सभी श्रद्धालु भाव विभोर होकर नृत्य करने लगे। मुख्यतः भजन माँ गोरा थाने पूजू हूँ, हाथ जोड़ वर मांगू हूँ, मोटी सेठानी म्हारो बेडो पार लगानो पडसी रे, डोली चढ़कर दादीजी ससुराल चली, हीरा मोती से नजर उतार दूँ, मेहंदी रची म्हारे हाथा में, लाया थारी चूदड़ी माँ करजो स्वीकार इस भजन पर मण्डल की समस्त महिलाओं द्वारा दादीजी को चूंदड़ी ओढ़ायी गई। सांयकाल 108 दीपकों से दादीजी की अलौकिक आरती की गई साथ ही दादीजी का नैनाभिराम श्रृंगार किया गया जो देखते ही बनता था। उत्सव में आने वाली सभी महिलाओं को दादीजी के आशीर्वाद स्वरूप अमर सुहाग का प्रतीक लाख का चूड़ा वितरित किया गया। उत्सव का समापन प्रसादी के साथ किया गया। आप द्वारा समाचार पत्र में इसे प्रकाशित करने हेतु दादी